आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 19.08.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- भराड़ीसैंण में राज्य विधानसभा का मानसून सत्र कांग्रेस सदस्यों के हंगामे के साथ शुरू।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 5 हजार 315 करोड़ का अनुपूरक बजट सदन के पटल पर रखा। नौ विधेयक भी पेश किए गए। सदन की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित।
- गढ़वाल और कुमांऊ को जोड़ने वाले बहुप्रतीक्षित सिंगटाली पुल के निर्माण के लिए 57 करोड़ रुपए स्वीकृत।
- टिहरी झील में महिला कयाकिंग प्रशिक्षण का शुभारंभ। प्रदेश की महिलाओं को रिवर गाइड बनने का मिलेगा अवसर।

विधानसभा मॉनसून सत्र

भराड़ीसैंण में राज्य विधानसभा का मानसून सत्र आज कांग्रेस सदस्यों के हंगामे के साथ शुरू हुआ। विपक्ष के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही कई बार स्थगित की गई। वहीं, शाम को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हंगामे के बीच 5 हजार 315 दशमलव 3–9 करोड़ का अनुपूरक बजट सदन के पटल पर रखा। इसके साथ ही उत्तराखंड धर्म स्वतंत्रता संशोधन विधेयक, उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा विधेयक और उत्तराखंड निजी विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक सहित नौ विधेयक भी पेश किए गए। इसके बाद सदन की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी गई।

इससे पहले सदन की कार्यवाही शुरू होते ही कांग्रेस सदस्य प्रीतम सिंह ने पंचायत चुनाव में गड़बड़ी और कानून व्यवस्था पर चर्चा की मांग की। कांग्रेस सदस्य सदन की वेल में आकर नारेबाजी करने लगे। हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही कई बार स्थगित की गई। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि सरकार ने पूरे राज्य में अराजकता का माहौल बनाया है। उन्होंने कहा कि नैनीताल की घटना बहुत ही दुःखद है और सरकार ने पंचायत चुनाव में सत्ता का दुरुपयोग किया है। वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सदन में विपक्ष के हंगामें को दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

जिला पंचायत परिणाम

नैनीताल जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के चुनाव परिणाम आज घोषित कर दिए गए। अध्यक्ष पद पर भाजपा समर्थित दीपा दर्मवाल एक मत से विजयी घोषित की गईं। नैनीताल जिले में कुल 27 जिला पंचायत सदस्य हैं, जिनमें से 22 सदस्यों ने मतदान किया, शेष 5 सदस्यों ने अपना मत नहीं डाला। मतगणना में भाजपा उम्मीदवार दीपा दर्मवाल को 11 मत और कांग्रेस उम्मीदवार पुष्पा नेगी को 10 मत मिले, जबकि

एक मत अवैध पाया गया। वहीं, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पद पर कांग्रेस समर्थित देवकी बिष्ट विजयी रहीं। इस बीच, नैनीताल जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुनाव के दिन हुई वारदात को लेकर उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय ने आज दूसरे दिन भी सुनवाई की। इस मामले में न्यायालय ने कड़ा रूख अपनाते हुए राज्य के पुलिस महानिदेशक और गृह सचिव को पक्षकार बनाया है। याचिका की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र और न्यायाधीश सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ में हुई। इस दौरान नैनीताल के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रह्लाद नारायण मीणा न्यायालय में पेश हुए, जबकि जिलाधिकारी वन्दना, वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये न्यायालय में पेश हुईं। मामले की अगली सुनवाई शुक्रवार को होगी।

## दंत चिकित्सा शिविर

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज मिलिट्री डेंटल सेंटर, देहरादून में पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों के लिए आयोजित तीन दिवसीय निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया। यह शिविर मुख्यालय उत्तराखण्ड सब एरिया के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों के अच्छे स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने की दिशा में यह शिविर सराहनीय पहल है।

इस अवसर पर डॉ. हिमांशु ऐरन ने लोगों को दंत स्वास्थ्य से संबंधित पहलुओं पर महत्वपूर्ण जानकारियां दी।

## सिंगटाली पुल स्वीकृति

गढ़वाल और कुमांऊ को जोड़ने वाले बहुप्रतीक्षित सिंगटाली पुल के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 57 करोड़ रुपए की वित्तीय और प्रशासनिक स्वीकृति दे दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता लंबे समय से इस पुल की मांग कर रही थी। उन्होंने कहा कि इस पुल के निर्माण से गढ़वाल और कुमांऊ के बीच सड़क सम्पर्क और मजबूत हो सकेगा। गौरतलब है कि श्री धामी ने अपनी पूर्व की घोषणा के क्रम में पौड़ी जिले की यमकेश्वर विधानसभा में प्रस्तावित इस पुल के लिए वित्तीय और प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। आज शासन द्वारा लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता को इस बारे में विधिवत आदेश जारी किए गए हैं। कौड़ियाला–व्यासघाट मोटर मार्ग के किलोमीटर एक में गंगानदी पर प्रस्तावित सिंगटाली पुल की कुल लंबाई 150 मीटर है। इस पर लगभग 57 करोड़ 5 लाख रुपए लागत आएगी। मुख्यमंत्री के विशेष निर्देश पर, मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित व्यय–वित्त समिति पहले ही इस प्रस्ताव को मंजूरी दे चुकी है। इस बहुप्रतीक्षित पुल के निर्माण की सभी बाधाएं अब दूर हो चुकी हैं, जिससे शीघ्र ही पुल का निर्माण शुरु हो सकेगा।

## कयाकिंग प्रशिक्षण

टिहरी की जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल ने आज कोटि कॉलोनी में 14 दिवसीय महिला कयाकिंग प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तराखंड में साहसिक खेलों के अनेक अवसर हैं, जिनके माध्यम से छात्रांए राफ्टिंग गाइड्स के रूप में रोजगार स्थापित कर सकती हैं।

रोड सेफ्टी कॉर्नर

राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज, पौड़ी में आज सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी मंगल सिंह ने रोड सेफ्टी कार्नर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय के बच्चों से संवाद करते हुए उन्हें सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी और उनके पालन के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य विद्यालय के वातावरण में खेल–खेल में बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करना है।

सरकार जनता के द्वार

सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत रुद्रप्रयाग के जिलाधिकारी प्रतीक जैन के निर्देशन में जिला स्तरीय अधिकारियों को विभिन्न ग्राम पंचायत आवंटित की गई हैं। तीन सदस्यीय संयुक्त टीम में चयनित अधिकारी ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को सुनेंगे। साथ ही ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगे। मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत 45 जिला स्तरीय अधिकारियों को विभिन्न ग्राम पंचायत आवंटित की गई हैं। उन्होंने सभी नामित अधिकारियों को आवंटित ग्राम पंचायतों में स्थलीय निरीक्षण करने के साथ ही भ्रमण किए ग्राम पंचायतों की आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।